# 6. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा व समय

. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा कहलाता है—

(a) 0° अक्षांश (b) 0° देशान्तर

(c) $66\frac{1°}{2}$ अक्षांश (d) 180° देशान्तर

. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा का निर्धारण किस वर्ष किया गया ?

(a) 1662 ई० (b) 1745 ई० (c) 1884 ई० (d) 1947 ई०

. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा की स्थिति निम्न में से किसके निकटतम है ?

(a) 0° अक्षांश (b) 0° देशान्तर

(c) 90° पूर्वी एवं पश्चिमी देशान्तर (d) 180° पूर्वी एवं पश्चिमी देशान्तर

. ग्रीनविच से 180° मध्याह्न काल्पनिक रेखा कहलाती है—

(a) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (b) अक्षांश रेखा

(c) मकर रेखा (d) कर्क रेखा

5. दूसरी याम्योत्तर रेखाओं के विपरीत अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा टेढ़ी-मेढ़ी बनायी जाती है, ताकि—

(a) कुछ भूमि क्षेत्रों एवं द्वीप समूहों को उसी कैलेंडर दिवस में रखा जा सके

(b) नाविकों के लिए अपनी घड़ी का समय समंजित करने को सुकर बनाया जा सके

(c) पूर्व से पश्चिम या पश्चिम से पूर्व की ओर जल यात्रा करने वाले नाविक, कैलेंडर में दिवस का समंजन कर सके

(d) 180° E और 180° W को सहावसानी बनाया जा सके *[NDA/NA 2011]*

6. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा बिलकुल सीधी नहीं है, क्योंकि इसका कारण है—

(a) कोरियोलिस बल

(b) अन्तर्राष्ट्रीय समझौता

(c) कुछ देशों के विभिन्न भागों के दिन एवं समय को एकसमान रखना

(d) उपर्युक्त में सभी

7. उत्तरी प्रशान्त महासागर में अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के विचलन का कारण है—
(a) हवाई द्वीप समूह (b) एल्यूशियन द्वीप समूह
(c) क्यूराइल द्वीप समूह (d) उपर्युक्त सभी

8. यदि अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पर दिन के 12 बजे हो तो उस समय भारत का मानक समय क्या होगा ?
(a) 6·30 सुबह (b) 5·30 शाम (c) 5·30 सुबह (d) 6·30 शाम

9. पृथ्वी को कितने समय कटिबन्धों में बाँटा जा सकता है ?
(a) 2 (b) 4 (c) 24 (d) 64

10. भारत का प्रामाणिक समय किस देशान्तर से लिया गया है ?
(a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ W (b) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ W (c) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ E (d) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ E

11. भारत का प्रामाणिक समय किस स्थान से निश्चित किया जाता है ?
(a) मुम्बई (b) दिल्ली (c) इलाहाबाद (d) कोयम्बटूर

12. ग्रीन विच माध्य समय (GMT) तथा भारतीय प्रमाण समय (IST) के बीच समयान्तराल कितना है ?
(a) 4 घण्टे 30 मिनट (b) 5 घण्टे 30 मिनट
(c) 6 घण्टे (d) 6 घण्टे 30 मिनट *[UP TET, 2011]*

13. निम्नलिखित में से किस स्थान का प्रामाणिक समय एवं स्थानीय समय लगभग एक समान है ?
(a) नई दिल्ली (b) नैनी (c) अहमदाबाद (d) राँची

14. भारत के सर्वाधिक पूर्व एवं पश्चिम में स्थित स्थानों के स्थानीय समय में कितना का अन्तर है ?
(a) 1 घण्टा (b) 1 घण्टा 30 मिनट
(c) 2 घण्टा (d) 2 घण्टा 30 मिनट

15. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा 180° देशान्तर से कितनी बार विचलित होती है ?
(a) 4 (b) 8 (c) 60 (d) 10

16. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा 180° याम्योत्तर से अन्तर करती है जिससे कि वह—
(a) एक ही प्रशासन के अन्तर्गत द्वीप समूह को विभाजित न करे।
(b) प्रशान्त महासागर को दो बराबर भागों में विभाजित करें।
(c) बेरिंग जलडमरूमध्य को विभाजित न करे।
(d) एक ही प्रशासन के अन्तर्गत भू-भागों को विभाजित करें।

17. यदि किसी स्थान का स्थानीय मानक समय ग्रीन विच समय से 12 घण्टे आगे है तो वह स्थान कहाँ स्थित होगा ?
(a) 90° E (b) 90° W (c) 180° E (d) 180° W

18. ग्रीनविच पर समय मध्याह्न 12 बजे हैं, 50 पूर्वी देशान्तर पर स्थित एक स्थान पर समय क्या होगा ?
(a) प्रातः 8.40 (b) सांय 3.20
(c) प्रातः 5.00 (d) मध्य रात्रि 12.00

19. यदि ग्रीन विच (0° देशान्तर) पर रात्रि के 12.00 बजे है तो 30° पूर्वी देशान्तर पर स्थित काहिरा में क्या समय होगा ?
(a) 2.00 बजे रात्रि (b) 10 बजे रात्रि
(c) 8.00 बजे रात्रि (d) 12 बजे रात्रि

20. पृथ्वी पर दो स्थानों की स्थिति के अनुदैर्ध्य का अंतर 15° है। स्थानीय समय में कितना का अंतर होगा ?
(a) 1 घण्टा (b) 2 घण्टे (c) 5 घण्टे (d) 15 घण्टे *[RRB ASM 2003]*

21. यदि दो स्थानों के बीच समय में अन्तर 2 घण्टे 20 मिनट है तो देशान्तर में अन्तर होगा ?
(a) 45° (b) 30° (c) 40° (d) 35° *[RRB GG 2003]*

22. अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा कहाँ से होकर गुजरती है ?
(a) 0° (b) 180° (c) 90° (d) 270° *[RRB GG 2003]*

23. ग्रीनविच किस देश में है ?
(a) यू०एस०ए० (b) यू० के० (c) हॉलैंड (d) भारत *[RRB GG 2003]*

24. एक देशान्तर को पार करने में दो स्थानों के स्थानीय समय के बीच क्या अन्तर होता है ?
(a) 8 मिनट (b) 4 मिनट (c) 2 मिनट (d) 0 मिनट *[RRB ASM 2003]*

25. अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(a) यह एक काल्पनिक रेखा है।
(b) बेरिंग सागर में यह रेखा पश्चिम की ओर मोड़ी गई है।
(c) 75° उत्तरी अक्षांश पर यह रेखा पश्चिम की ओर मोड़ी गई है।
(d) न्यूजीलैंड एवं फिजी द्वीप समूह को एक साथ रखने के लिए दक्षिणी प्रशान्त महासागर में यह रेखा पूर्व की ओर मोड़ी गई है।

26. किसी एक क्षण निम्नलिखित नगरों में से किस एक में घड़ी का समय अन्य तीन नगरों की घड़ी के समयों के समान नहीं होता ?
(a) लन्दन (यू.के.) (b) लिस्बन (पुर्तगाल)
(c) अदिस अबाबा (इथियोपिया) (d) अक्रा (घाना) *[IAS, 2007]*

27. जब ग्रीनविच में मध्याह्न है, एक जगह का स्थानीय समय 5 बजे सायं है। निम्नांकित में से वह कौन-सा याम्योत्तर है, जिसपर उपर्युक्त जगह अवस्थित है ?
(a) 75° पू० (b) 75° प० (c) 150° पू० (d) 150° प० *[UPPCS, 2008]*

28. काहिरा का समय ग्रीनविच से दो घण्टा आगे है, अतः यह स्थित है—
(a) 30° पश्चिमी देशांतर पर (b) 30° पूर्वी देशांतर पर
(c) 28° पूर्वी देशांतर पर (d) 28° पश्चिमी देशांतर पर *[BPSC 2011]*

29. दो शहरों, शहर A (30′ N 60′ E) और शहर B (30′ N 80′ E) के बीच कालान्तर
(a) 80 मिनट होगा (b) 0 मिनट होगा
(c) 20 मिनट होगा (d) 34 मिनट होगा *[NDA/NA, 2011]*

## उत्तरमाला

1. (d) 2. (c) 3. (d) 4. (a) 5. (a) 6. (c) 7. (b) 8. (b) 9. (c) 10. (d) 11. (c) 12. (b) 13. (b) 14. (c) 15. (a) 16. (a) 17. (c) 18. (b) 19. (a) 20. (a) 21. (d) 22. (b) 23. (b) 24. (b) 25. (c) 26. (c) 27. (a) 28. (b) 29. (a)